Disaster Management

NSS Dinesh 16 Dec, 2022

दिनांक 16 दिसंबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय आवासीय शिविर का आज छठा दिन था। स्वयंसेवी सुबह से ही एक बार पुनः सरस्वती ताल की सफाई के लिए पहुंच गए थे। सफाई के दौरान ताल के अंदर से जमीं घास को निकाला गया। ताल के आसपास जमा प्लास्टिक को इकट्ठा करके निस्तारण किया गया। ताल के अंदर लगी बिच्छू बूटी व घास को काटकर बाहर निकाला गया तथा साथ लगते डंगे पर उगी घास की सफाई की गई। ताल के साथ बनी नाली के अंदर लगी घास को काटकर उसकी सफाई की गई। दोपहर बाद के सत्र में राजकीय महाविद्यालय सराहां के वरिष्ठ आचार्य श्री जगमोहन सिंह द्वारा"Disaster Management" विषय पर व्याख्यान दिया गया तथा स्वयंसेवियों से चर्चा भी की। इसके बाद स्वयंसेवियों ने पकड़म-पकड़ाई खेल का आनंद लिया तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अभ्यास के साथ दोपहर बाद के सत्र का समापन हुआ।